हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 25 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40.2°c
न्यूनतम 26.2°c

**बिजली कट**

- मदवि के टैगोर ऑडिटोरियम में भाजपा की ओर से काला दिवस कार्यक्रम सुबह 10 बजे
- बिजली निगम में खुला दरबार व बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन सुबह 11 बजे
- लोकसभा सांसद कुलदीप इंदौरा की प्रेसवार्ता होटल रिवोली में दोपहर 3 बजे

# कब्जाधारियों का खौफ कोई नहीं आ रहा सरोवर के सुंदरीकरण का टेंडर लेने

- 7 साल से फाइलों में घूम रहा माता शीतला मंदिर सरोवर का सुंदरीकरण, आस्था के केंद्र की जमीन पर बढ़ रहे कब्जे
- 99.54 लाख रुपये का टेंडर भी नहीं जगा पाया शीतला सरोवर को संवारने की उम्मीद
- 2019 में मेयर ने कर दिया था सुंदरीकरण का उद्घाटन, अब दोबारा टेंडर जारी करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करीब 400 साल पुराने माता शीतला देवी मंदिर और उससे जुड़े पवित्र सरोवर के सुंदरीकरण की योजना एक बार फिर अधर में लटक गई है। नगर निगम ने सरोवर के विकास और सुंदरीकरण के लिए करीब 99.54 लाख रुपये का टेंडर जारी किया था, लेकिन निर्धारित समय तक कोई एजेंसी इसे लेने नहीं पहुंची। माना जा रहा है कब्जाधारियों के डर से कोई टेंडर लेने ही नहीं आया। अब निगम ने टेंडर को रिकॉल कर दोबारा प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की है। दूसरी ओर वर्षों से लंबित पड़े इस प्रोजेक्ट के कारण तालाब की जमीन पर लगातार अतिक्रमण बढ़ रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। मंदिर परिसर से सटा शीतला सरोवर धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन इसके संरक्षण और सुंदरीकरण की योजनाएं पिछले कई वर्षों से केवल कागजों तक ही सीमित हैं।



### सरोवर के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा

हैरानी की बात यह है कि वर्ष 2019 में भी तालाब के सुंदरीकरण की योजना बनी थी। तत्कालीन मेयर, पूर्व मंत्री सहित निगम आयुक्त ने विधिवत उद्घाटन भी कर दिया था, लेकिन काम शुरू ही नहीं हो पाया। अब फिर निगम ने 1 करोड़ रुपये की लागत से योजना तैयार की, लेकिन टेंडर प्रक्रिया ही आगे नहीं बढ़ सकी। टेंडर के तहत तालाब को पक्का किया जाएगा। यहां ग्रिल लगाकर सीढ़ियां और रास्ते बनाए जाएंगे और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि काम में लगातार देरी से कब्जे बढ़ रहे हैं। तालाब का मूल स्वरूप सिकुड़ता जा रहा है। समय रहते प्रभावी कदम न उठाए गए तो सरोवर के अस्तित्व पर भी खतरा खड़ा हो सकता है।

### 400 साल पुराना है मंदिर

माता शीतला देवी मंदिर का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना माना जाता है। शुरुआत में यहां मां की पिंडी की पूजा की जाती थी।




लगभग 60 वर्ष पहले पिंडी के समीप शीतला माता की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसके बाद मंदिर की प्रसिद्धि और बढ़ी। आज देशभर से श्रद्धालु यहां माता का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में स्थित 100 वर्ष से अधिक पुराना वट वृक्ष भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। विशेषकर बुधवार के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर दीपक जलाते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। वहीं शीतला सरोवर की मिट्टी को भी अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि श्रद्धालु यहां से मिट्टी लेकर मन्नत मांगते हैं और पूरी होने पर दोबारा मंदिर में माथा टेकने आते हैं।

मंदिर के महंत और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लंबे समय से सरोवर के संरक्षण और सुंदरीकरण की मांग उठा रहे हैं। उनका कहना है कि यह केवल विकास का मामला नहीं बल्कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। यदि सरोवर का सुंदरीकरण हो जाए तो यह धार्मिक पर्यटन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

### सख्त कदम उठाए प्रशासन



2019 में भी टेंडर लगा था। मेयर ने उद्घाटन भी कर दिया था, लेकिन आज तक काम शुरू नहीं हो पाया। अब पता चहा है कि करीब 99 लाख का टेंडर जारी किया गया है। प्रशासन को सरोवर के सुंदरीकरण के लिए जल्द सख्त कदम उठाना होगा, क्योंकि इस जमीन पर लोग कब्जा करने में लगे हुए हैं। **-महंत थानेश्वर दास,** माता शीतला देवी मंदिर

### कई बार किए जा चुके हैं प्रयास



पहले कई बार प्रयास किए जा चुके हैं कि सरोवर का सुंदरीकरण हो जाए, लेकिन काम रुक जाता है। अब निगम ने करीब 99.54 लाख का टेंडर लगाया था, लेकिन कोई एजेंसी टेंडर लेने नहीं आई। अब दोबारा टेंडर लगाया जाएगा। इसके लिए निगम आयुक्त और मेयर रामअवतार वाल्मीकि से मुलाकात की जाएगी। **-नीरा भटनागर,** वार्ड 6

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर आज

**रोहतक।** ज्येष्ठ निर्जला एकादशी उत्सव के अवसर पर शिवम एनक्लेव, आउटर रिंग रोड सेक्टर-35 सनसिटी के पीछे, नाहर पेट्रोल पंप के समीप रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। संयोजक डॉ. विकास नरवाल ने बताया कि 25 जून को पीजीआईएमएस की टीम द्वारा सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रक्त संग्रह करेगी।

### घरौठी में जमीन कब्जाने के आरोप में 6 पर केस

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव घरौठी में जमीन कब्जाने के आरोप में छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है। घरौठी निवासी राजेंद्र पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को शिकायत दी कि कि कृष्ण, धर्मबीर, संदीप, अरविंद, राजदीप व यशवंत गाड़ी व ट्रैक्टर में उसके खेत में आए और उसकी दो एकड़ जमीन पर जुताई शुरू कर दी। यह जमीन पारिवारिक फैसले से उसके पिता से उसको मिली थी। उसने जब उन्हें जुताई करने से रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इनसे उसको और उसके परिवार को जान का खतरा है। पुलिस ने इस संबंध में कृष्ण, धर्मबीर, संदीप, अरविंद, रणदीप व यशवंत के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### लाखन माजरा में दुकान से सामान व नकदी चोरी

**महम।** लाखन माजरा में एक दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत जिले के धनाना निवासी सतीश पुत्र प्रेम ने बताया कि उसने लाखन माजरा में नांदल रोड पर सतीश खन्ना फास्ट फूड नाम से दुकान कर रखी है। चोरों ने रात को दुकान का शटर तोड़कर 20 डिब्बी बड़ी सिगरेट, 20 पुड़े बीड़ी के बड़े और 2000 रुपये नकदी चोरी कर ली। दुकानदार ने पुलिस से मांग की है कि उसका सामान बरामद किया जाए व अज्ञात चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# साइको अटैक एक ही उम्र के दो युवकों का एक ही अंदाज से काटा गला

## एक जींद बाइपास पर तो दूसरा मकड़ौली टोल के पास मिला, पीजीआई में भर्ती

- अभी नहीं हो पाई है घायलों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर हुईं एक जैसी वारदातों ने पुलिस और आमजन की नींद उड़ा दी है। जींद बाइपास और मकड़ौली टोल के पास दो युवकों पर हुए जानलेवा हमलों में हमलावरों ने एक ही तरीके से गले पर वार किए। दोनों घायलों की गर्दन पर गंभीर चोटें आईं, गले की हड्डी तक टूट गई और उपचार के दौरान दोनों के गले में 55-55 टांके लगाने पड़े। हैरत की बात यह है कि दोनों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है और दोनों का उपचार पीजीआई में चल रहा है। दोनों घटनाओं में वारदात का तरीका एक जैसा होने के कारण पुलिस भी कई पहलुओं पर जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह मामला किसी साइको अटैक या सिरफिरे हमलावर की करतूत जैसा प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस अधिकारी अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रहे हैं और सभी संभावनाओं को ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं।





### पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

पहली घटना जींद बाइपास क्षेत्र में सामने आई थी, जहां गंभीर रूप से घायल अवस्था में एक व्यक्ति मिला था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इसके कुछ समय बाद दूसरी घटना मकड़ौली टोल प्लाजा के पास सामने आई, जहां एक अन्य व्यक्ति इसी तरह की हालत में मिला। दोनों के गले पर धारदार हथियार से गहरे वार किए गए थे।

### गले में 55-55 टांके लगे, हड्डी तक टूटी

चिकित्सकों के अनुसार दोनों व्यक्तियों की गर्दन पर बेहद गंभीर चोटें थीं। गले की हड्डी टूट चुकी थी और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। चिकित्सकों की टीम ने दोनों का ऑपरेशन किया और जान बचाने के लिए गले में 55-55 टांके लगाने पड़े। फिलहाल दोनों घायलों का उपचार पीजीआई में चल रहा है।

### एक जैसी चोट ने बढ़ाया जांच का दायरा

दोनों मामलों में एक जैसी चोटें मिलने के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप, ढाबों और हाईवे किनारे लगे कैमरों से संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### थानों-सोशल मीडिया पर भिजवाए फोटो

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक किसी भी घायल की पहचान नहीं हो सकी है। दोनों के हुलिए और फोटो आसपास के थानों, जिलों तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भेजे गए हैं ताकि उनकी पहचान कराई जा सके। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दोनों व्यक्ति स्थानीय हैं या किसी दूसरे जिले अथवा राज्य से यहां पहुंचे थे।

### क्षेत्र में दहशत

घटनाओं के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लगातार दो समान घटनाओं ने लोगों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई सिरफिरा व्यक्ति ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहा है तो उसे जल्द पकड़ना जरूरी है, अन्यथा और लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है।

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों को जांच में लगाया गया है। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और लोगों से पूछताछ के आधार पर हमलावर तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों को उम्मीद है कि जल्द ही मामले से पर्दा उठ जाएगा।

### खेरड़ी मोड़ पर हादसा

# डंपर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

- हादसे में तीन लोगों को चोटें भी आईं
- पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर शुरू की छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ई-रिक्शा सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसा खेरड़ी मोड़ के समीप उस समय हुआ जब कलानौर से बोद कला गांव की ओर जा रही एक ई-रिक्शा को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर तेज गति से आ रहा था और अचानक ई-रिक्शा से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा में सवार सभी पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई पहुंचाया गया। पीजीआई में उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला कलावती और कृष्ण ने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल सुदेश, अजय और ईश्वर का उपचार जारी है।

डॉक्टरों के अनुसार तीनों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कलानौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने हादसे में शामिल डंपर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

चालक की तलाश की जा रही है तथा दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। इस हादसे से मृतकों के परिजनों में शोक की लहर है, जबकि क्षेत्र के लोगों ने सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करवाने की मांग की है।

# एमडीयू: यूजी कोर्स की पहली काउंसलिंग आज

**रोहतक।** एमडीयू रोहतक और एमडीयू सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपीएएस) गुरुग्राम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक शेड्यूल के अनुसार, 4-वर्षीय अंडरग्रेजुएट (यूजी), 5-वर्षीय एलएलबी और 5-वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्सेज के लिए बुधवार को पहली ओवरऑल प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की गई। 25 जून को पहले चरण की फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

### मेरिट में आने पर 26 तक जमा करानी होगी फीस

जिन छात्रों का नाम पहली मेरिट सूची में आएगा, उन्हें 26 जून तक अपनी फीस जमा करानी होगी। पहले चरण की काउंसलिंग के बाद बची हुई खाली सीटों की जानकारी 30 जून को पोर्टल पर सार्वजनिक की जाएगी। इसके बाद दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 1 जुलाई को आयोजित होगी, जिसकी फीस 2 जुलाई तक जमा की जा सकेगी। रिक्त सीटों की जानकारी 3 जुलाई को आएगी। तीसरी फिजिकल काउंसलिंग 6 जुलाई को होगी और विद्यार्थियों को 7 जुलाई तक फीस जमा करानी होगी। खाली सीटों का डिस्प्ले 9 जुलाई को होगा। चौथी फिजिकल काउंसलिंग 10 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जिसके लिए फीस जमा करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई तय की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, दाखिला पाने वाले छात्र 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 के बीच हॉस्टल के लिए आवेदन और अपनी सीट सुरक्षित कर सकेंगे। नए शैक्षणिक सत्र के लिए नियमित कक्षाएं 1 अगस्त 2026 से शुरू हो जाएंगी। दाखिले की अंतिम कट-ऑफ तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है।

### शादी में हर्ष फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**सांपला।** सांपला पुलिस ने शादी समारोह में गोली चलने के मामले में खेड़ी सांपला निवासी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा। मंगलवार शाम परशुराम भवन में विवाह समारोह में दीपक के हाथ से गोली चल गई थी, जिससे एक युवती और दो महिलाएं घायल हो गई थीं। जांच में पता चला कि आरोपी रिश्तेदार की लाइसेंसी गए लिए हुए था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर हथियार के मालिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चिंगारी बन रही ज्वाला

# रोज जल रहे खंभे व्यवस्था तार-तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी के मौसम में बिजली व्यवस्था की कमजोरियां एक-एक कर सामने आने लगी हैं। कहीं ट्रांसफार्मर धू-धू कर जल रहे हैं तो कहीं बिजली के तारों से निकलती चिंगारियां आग का रूप ले रही हैं। हालत यह है कि अब बिजली के पोल और तार केवल बिजली सप्लाई का माध्यम नहीं, बल्कि हादसों का कारण भी बनते जा रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पोल, तार और ट्रांसफार्मरों में आग लगने की घटनाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो अप्रैल 2025 से अब तक जिले में करीब 200 बिजली पोल, 400 ट्रांसफार्मर और बड़ी संख्या में बिजली के तार आग की चपेट में आ चुके हैं। हालांकि बिजली निगम ने इनके स्थान पर लगभग 700 नए ट्रांसफार्मर लगाने का दावा किया है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अभी भी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं दिखाई दे रहे। इस दौरान सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पुराना शहर रहा है। यहां करीब 25 कॉलोनियां और चार गांव बिजली नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। आबादी बढ़ने के साथ बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ी है, लेकिन नेटवर्क का विस्तार और रखरखाव उसी गति से नहीं हो पाया। नतीजा यह है कि जर्जर तार और ओवरलोड ट्रांसफार्मर लगातार हादसों को जन्म दे रहे हैं।



हर दूसरे दिन उठ रही आग की लपटें, ओवरलोड सिस्टम और जर्जर नेटवर्क से बढ़ रहा खतरा

### इस साल आग लगने की 20 घटनाएं, 4 कर्मियों की मौत

जिलेभर में इस वर्ष आग लगने और बिजली संबंधी हादसों की करीब 20 घटनाएं सामने आई हैं। इनमें बिजली निगम के चार कर्मचारियों की जान जा चुकी है। वहीं तारों और ट्रांसफार्मरों में आग लगने की वजह से 16 लोगों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। कई मामलों में घरों के उपकरण जल गए, जबकि कुछ स्थानों पर दुकानों और प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा।

### आग की वजह

- ओवरलोड लाइनें आग लगने का सबसे बड़ा कारण मानी जा रही हैं।
- पुराने और जर्जर तार, कमजोर पोल तथा क्षमता से अधिक लोड वाले ट्रांसफार्मर भी खतरा हैं।
- पेड़ों की टहनियों का बिजली लाइनों से संपर्क और रखरखाव का अभाव समस्या को बढ़ा रहा है।

### ये पड़ता है असर

- आग लगने से घंटों बिजली कटौती होती है।
- वोल्टेज उतार-चढ़ाव व फाल्ट से उपकरण खराब होने का खतरा रहता है।
- व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### ये हैं समाधान

- जर्जर तार बदलने व नेटवर्क आधुनिकीकरण की जरूरत है।
- थर्मल स्कैनिंग, लोड बैलेंसिंग और नियमित तकनीकी ऑडिट जरूरी।
- आबादी और बिजली खपत के अनुसार नए ट्रांसफार्मर व अतिरिक्त फीडर लगाने की जरूरत।

### चल रहा है मेंटेनेंस का काम

बिजली नेटवर्क पर बढ़ते लोड और मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण कुछ घटनाएं सामने आई हैं। निगम जर्जर तारों को बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और नियमित मेंटेनेंस का कार्य कर रहा है। खराबी की सूचना पर उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाता है। **-बिजेंद्र नरवाल,** एसई, बिजली निगम

## गांधी कैंप के 150 दुकानदारों ने डी पार्क अग्निकांड के बाद लिया फैसला

# 150 फायर एक्सटिंग्विशर खरीदे, अतिक्रमण भी हटाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बढ़ती आग लगने की घटनाओं व बाजारों में सुरक्षा मजबूत करने के लिए गांधी कैंप के 150 दुकानदारों ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने बाजारों की सुरक्षा के लिए अग्निशामक यंत्र खरीदें हैं। बुधवार को युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर और गांधी कैंप मार्केट प्रधान की मौजूदगी में इन अग्निशमन यंत्रों का वितरण किया गया। व्यापारियों ने बताया कि डी पार्क अग्निकांड के बाद सभी बाजारों में भय का माहौल है। व्यापारी अपने स्तर पर अग्निशामक यंत्र खरीद रहे हैं। दूसरे बाजार के दुकानदारों को भी इस दिशा में कदम उठाने होंगे। साथ ही अतिक्रमण हटाने का फैसला भी लिया गया।





अग्निशमन यंत्र बांटते युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, प्रधान गांधी कैंप नरेश भूटानी, संरक्षक सीता राम सचदेवा व पूर्व पार्षद राधेश्याम ढुल।

### 800 रुपये प्रति दुकान के हिसाब से एकत्रित की राशि

भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर ने कहा कि गर्मी के दिनों में शॉर्ट सर्किट, बिजली के अधिक लोड और अन्य कारणों से आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में दुकानदारों द्वारा अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं आगे आकर यह कदम उठाना बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बाजारों में आग लगने की स्थिति में शुरुआती कुछ मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और अग्निशमन यंत्र बड़ी दुर्घटना को टालने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। प्रधान गांधी कैंप नरेश भूटानी ने बताया कि गांधी कैंप मार्केट के करीब 150 दुकानदारों ने मिलकर 800 रुपये प्रति दुकान के हिसाब से राशि एकत्रित की। इसके बाद अग्निशमन यंत्र खरीदकर दुकानदारों को उपलब्ध करवाए गए। उन्होंने कहा कि यह पहल व्यापारियों की सुरक्षा और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए की गई है। शहर के कई पुराने बाजारों में रास्ते संकरे हैं, जहां आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहुंचने में कठिनाई होती है। ऐसे में दुकानों में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र आग को फैलने से रोकने में मदद कर सकते हैं और बड़े नुकसान से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा भविष्य में ऐसे और कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। इस मौके पर संरक्षक सीता राम सचदेवा, ओम मिनोचा, महेश, विशाल, सौरभ अरोड़ा, सुभाष चौधरी, मनीष गौसाई आदि मौजूद रहे।

### इनके उपयोग के बारे में भी दी जानकारी

पूर्व पार्षद राधेश्याम ढल ने बताया कि दुकानदारों को अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग और आग लगने पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर ही डैमो कर जागरुक किया गया। व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से बाजार की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि इस तरह की जागरूकता और सुरक्षा संबंधी पहलें भविष्य में भी जारी रहेंगी, ताकि बाजार में किसी भी आपात स्थिति का सामना प्रभावी ढंग से किया जा सके।

## खबर संक्षेप



रोहतक। प्रसाद वितरण करते सुभाष गुप्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### गोयल के जन्मदिवस पर भंडारा व छबील लगाई

**रोहतक।** पूर्व मेयर मनमोहन गोयल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में भंडारे एवं छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों, उनके परिजनों, चिकित्साकर्मियों एवं आमजन को प्रसाद एवं शीतल शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शुभचिंतकों एवं समर्थकों ने मनमोहन गोयल के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि मनमोहन गोयल वर्तमान में पारिवारिक प्रवास पर अमेरिका में हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों द्वारा यह सेवा कार्य आयोजित किया गया।

### पूर्व विधायक बलराज कुंडू की वर्कर मीटिंग 28 को

**महम।** रविवार 28 जून को सुबह 10 बजे पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने महम कार्यालय में कार्यकर्ता मीटिंग बुलाई है। महम नगर पालिका के पार्षद बजरंग उर्फ बॉबी गोयल ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक अपने कार्यकर्ताओं के संग चर्चा करके आगामी राजनीति पर चर्चा करेंगे। साथ ही वे आगे के कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बनाएंगे। जनसेवक कार्यालय में आयोजित होने वाली इस बैठक को लेकर हरियाणा जनसेवक पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।



रोहतक। प्रो. नसीब सिंह गिल का स्वागत करते विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी और स्टाफ सदस्य।

### प्रो. नसीब सिंह गिल ने कार्यभार ग्रहण किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सांख्यिकी विभाग के अध्यक्ष पद का कार्यभार गणितीय एवं संगणकीय अध्ययन संकाय के अधिष्ठाता (डीन) प्रो. नसीब सिंह गिल ने बुधवार को ग्रहण कर लिया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी के लिए आभार जताया। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार ने प्रो. नसीब सिंह गिल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रो. नसीब सिंह गिल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### योजना क्रियान्वयन में प्रगति व सेवाओं पर जोर



रोहतक। कैंप कार्यालय में आयोजित पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मासिक समीक्षा बैठक लेते डीसी सचिन गुप्ता।

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा टीकाकरण, स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए ताकि पशुपालकों की आय में वृद्धि हो सके। वे बुधवार को कैंप कार्यालय में आयोजित पशुपालन एवं डेयरी विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, डीवॉर्मिंग, दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन तथा कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## अंबाला में 71 व रोहतक में 33% कम हुई प्री मानसून की बारिश, पलवल में सामान्य से 107% अधिक गिरा पानी

# जून में रूठे रहे मेघ, रोहतक समेत 8 जिलों में सामान्य से कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश में मानसून के आगमन से पहले जून में रोहतक समेत आठ जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है, जबकि दस जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश के इस असंतुलन का असर खेती, भूजल रिचार्ज और तापमान पर देखने को मिल रहा है। रोहतक में जून के दौरान सामान्य से 33 प्रतिशत कम बारिश हुई। इसके अलावा अंबाला में 71 फीसदी, फरीदाबाद में 28 , जींद में 7, कैथल में 51, पंचकूला में 44, पानीपत में 8 तथा यमुनानगर में 56 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई। दूसरी ओर कई जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। पलवल में सबसे अधिक 107 प्रतिशत अतिरिक्त वर्षा दर्ज की गई है। महेंद्रगढ़ व फरीदाबाद में 92-92 फीसदी, रेवाड़ी में 79, हिसार में 75, झज्जर में 48 , नूंह में 31, गुरुग्राम में 19, सोनीपत में 16 तथा सिरसा में 15 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष प्री-मानसून गतिविधियां प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में समान रूप से सक्रिय नहीं रहीं। मध्य हरियाणा के कुछ जिलों में लगातार गर्म हवाओं और ऊंचे तापमान के कारण वर्षा की कमी दर्ज की गई है। रोहतक भी उन्हीं जिलों में शामिल रहा जहां जून के अधिकांश दिनों में तापमान सामान्य से अधिक बना रहा।

### बुवाई के लिए अच्छी बारिश की होगी जरूरत : कृषि विशेषज्ञ

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि धान और खरीफ फसलों की बुवाई के लिए आगामी दिनों में अच्छी बारिश की जरूरत होगी। जिन जिलों में वर्षा कम हुई है वहां किसान मानसून की नियमित बरसात का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि जिन क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है वहां मिट्टी में नमी की स्थिति बेहतर बनी हुई है।

### प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति अनुकूल: मौसम विभाग

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति अनुकूल बनी हुई है और आने वाले दिनों में वर्षा गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना है। यदि मानसून निर्धारित गति से आगे बढ़ता है तो वर्षा की कमी वाले जिलों में भी हालात सुधर सकते हैं। विभाग ने अगले कुछ दिनों के दौरान बादल छाने, गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

### ये है बारिश का गणित

| सामान्य से कम बारिश वाले जिले में कमी प्रतिशत में | | इन जिलों में हुई सामान्य से अधिक प्रतिशत | |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 71 | पलवल | 107 |
| यमुनानगर | 56 | महेंद्रगढ़ | 92 |
| कैथल | 51 | फतेहाबाद | 92 |
| पंचकूला | 44 | रेवाड़ी | 79 |
| रोहतक | 33 | हिसार | 75 |
| फरीदाबाद | 28 | झज्जर | 48 |
| पानीपत | 8 | नूंह | 31 |
| जींद | 7 | गुरुग्राम | 19 |
| | | सोनीपत | 16 |
| | | सिरसा | 15 |

### अधूरे विकास कार्य दे रहे दर्द

**मानसरोवर कॉलोनी**

**रोहतक।** मानसरोवर कॉलोनी में चल रहे विकास कार्य अब लोगों के लिए सुविधा की बजाय परेशानी का कारण बन गए हैं। कॉलोनी में सड़क निर्माण और सीवर संबंधी कार्य शुरू होने के बाद से साढ़े तीन सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। अधूरी पड़ी सड़कें और सीवर के खुले ढक्कन क्षेत्रवासियों के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम को शिकायत देने के बावजूद समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय निवासी अनिल, जयपाल, कृष्ण, रमेश, संजय, हर्षवर्धन के अनुसार, विकास कार्य के लिए सड़क को कई जगह खोदा गया था, लेकिन काम बीच में ही छोड़ दिया गया। इसके चलते लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में कई स्थानों पर सीवरों के ढक्कन भी खुले पड़े हैं। ऐसे में रात के समय दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

*फिलहाल वार्ड में कार्य चल रहा है। फिलहाल जहां भी कार्य रूका हुआ है, वहां पर जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। ऐसे में आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। बहुत बार टेक्निकल समस्या के कारण भी कार्य रूक जाता है।*

-कंचन खुराना, पार्षद

# बंदरों के आतंक से शहर-गांवों में दहशत नई एजेंसी का टेंडर करना भूला निगम

**रोज 10 से 15 लोग बंदरों के हमले का हो रहे शिकार**

**लोगों की शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा समाधान**

**इंजेक्शन की कमी बढ़ा रही परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि रोजाना 10 से 15 लोग बंदरों के काटने और हमले का शिकार होकर अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। नगर निगम को लगातार शिकायतें मिल रही हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। निगम द्वारा पहले बंदरों को पकड़ने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किए जाने के बाद नई एजेंसी नियुक्त करने की प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं की गई, जिसके चलते लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है।

शहर के कई इलाकों के अलावा अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बंदरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पहले जहां बंदर केवल पेड़ों और खुले क्षेत्रों में दिखाई देते थे, वहीं अब वे गलियों और रिहायशी इलाकों में खुलेआम घूम रहे हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में विशेष रूप से भय का माहौल बना हुआ है। कई जगहों पर बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान उठा ले जाते हैं और विरोध करने पर लोगों पर हमला भी कर देते हैं। उन्होंने कई बार नगर निगम और प्रशासन को शिकायतें दी हैं, लेकिन कार्रवाई केवल आश्वासनों तक सीमित रही है। कुछ क्षेत्रों में बंदरों के झुंड दिनभर छतों और गलियों में डेरा जमाए रखते हैं, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। स्कूल जाने वाले बच्चों और कामकाजी लोगों को भी डर के साये में आना-जाना पड़ रहा है।

**सैनिक बोर्ड के पास बंदरों का झुंड**



**इन कॉलोनियों में ज्यादा बंदर**

सेक्टर 14, सेक्टर एक दो, तीन, चार, सोनीपत रोड, जेएलएन नहर, दिल्ली रोड जेएलएन नहर, एमडीयू, पीजीआईएमएस, गांधी कैंप, जनता कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, डीएलएफ कॉलोनी, गोहाना अड्डा, अशोक नगर, गुरुनानकपुरा, गोहाना रोड, सुखपुरा, लाढ़ौत रोड, वसंत विहार आदि एरिया में बहुत जबंदर दिखाई देते हैं। जो हिंसक हैं व लोगों को काट रहे।

**काटने के मामलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी**

बंदरों के काटने के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सिविल अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में रोजाना 10 से 15 मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बंदर के काटने के बाद समय पर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाना होता है।

**संक्रमण का बढ़ा खतरा**

लोगों का कहना है कि बंदरों की बढ़ती संख्या के कारण न केवल जनसुरक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। ऐसे में नगर निगम और प्रशासन को इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि बंदरों को पकड़ने के लिए जल्द नई एजेंसी नियुक्त की जाए और प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को राहत दी जाए।

### आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**निगम प्रति कुत्ता देगा 1236 रुपये**
सेक्टर-2 से रोजाना पकड़े जा रहे कुत्ते

**रोहतक।** आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और रेबीज जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम ने डॉग वैक्सीनेशन अभियान को फिर से गति दे दी है। निगम द्वारा बोहर गांव स्थित डॉग शेल्टर में कुत्तों के रहने, भोजन और स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। वर्तमान में सेक्टर-2 क्षेत्र से कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में लाया जा रहा है, जहां उनका वैक्सीनेशन किया जा रहा है। उन्हें तीन से चार दिन तक निगरानी में रखने के उपरांत उसी स्थान पर वापस छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। प्रतिदिन करीब 10 कुत्तों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अब तक 30 से अधिक कुत्तों का टीकाकरण किया जा चुका है और उन्हें उनके मूल स्थानों पर छोड़ा भी जा चुका है। निगम ने नियुक्त एजेंसी को प्रति कुत्ता 1236 रुपये का भुगतान निर्धारित किया है। बोहर गांव स्थित डॉग शेल्टर में गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कुत्तों को लू और अत्यधिक तापमान से बचाने के लिए शेल्टर में कूलर लगाए गए हैं।



- नगर निगम ने अभियान को दोबारा शुरू किया है और इस बार निगरानी तथा सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा।
- पुरानी एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया था। वहीं शिवाजी कॉलोनी थाना में एजेंसी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया गया था।

**चरणबद्ध तरीके से चल रहा कार्यक्रम**

शहर में आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन और नसबंदी कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। ताकि रेबीज के खतरे को कम करने के साथ-साथ पशुओं की सुरक्षा और लोगों की सुविधा भी सुनिश्चित की जा सके।

*-सुधीर कुमार, सीएसआई, नगर निगम*

**तीन माह बाद प्रक्रिया दोबारा शुरू**

करीब तीन माह पहले नगर निगम द्वारा डॉग वैक्सीनेशन और देखभाल का ठेका जिस एजेंसी को दिया गया था, उसके खिलाफ गंभीर लापरवाही के आरोप सामने आए थे। पर्याप्त सुविधाएं और उचित देखभाल नहीं मिलने के कारण 30 से अधिक कुत्तों की मौत हो गई थी। इस मामले ने काफी विवाद खड़ा किया था और पशु प्रेमियों ने भी नाराजगी जताई थी।

### भारत नेट योजना से गांवों तक पहुंचेगा हाई स्पीड इंटरनेट

**बीएसएनएल ने तेज किया विस्तार अभियान**

सीआरआईडी विभाग और बीएसएनएल के बीच हुए समझौते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने भारत नेट और राज्य सरकार की सहायता प्राप्त योजना के तहत हाई स्पीड वाईफाई फाइबर इंटरनेट सेवाओं के विस्तार का अभियान तेज कर दिया है।

इस योजना से गांवों में ऑनलाइन सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी और लोगों को डिजिटल सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा। बुधवार को आयोजित जागरूकता मेलों के दौरान बीएसएनएल रोहतक के महाप्रबंधक इसरार अहमद ने बताया कि हरियाणा सरकार के सीआरआईडी विभाग और बीएसएनएल के बीच हुए समझौते के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में फाइबर कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। फाइबर तकनीक के माध्यम से एक ही इंटरनेट कनेक्शन से मोबाइल, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप, कंप्यूटर सहित कई डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया जा सकेगा।

**ऑनलाइन सुविधाएं आसानी से मिलेंगी**

जीएम ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा, मरीजों को टेलीमेडिसिन, किसानों को कृषि संबंधी डिजिटल जानकारी तथा नागरिकों को ई-गवर्नेंस और ऑनलाइन भुगतान जैसी सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। रोहतक, भिवानी, झज्जर और चरखी दादरी के सभी ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। बीएसएनएल ने पंचायतों, सरकारी विभागों और शैक्षणिक संस्थानों से इस योजना से जुड़ने की अपील की है। इस अवसर पर डीजीएम सुभाष चंद्र, जेटीओ राजेश कुमार और हिमांशु दुआ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### वन सिटी कॉलोनी से टाटा हैरियर कार चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**रोहतक।** शहर के सेक्टर-37 स्थित वन सिटी कॉलोनी में वाहन चोरी की एक घटना सामने आई है। अज्ञात चोर रात्रि के समय घर के बाहर खड़ी टाटा हैरियर कार को चोरी कर फरार हो गए। घटना का पता सुबह उस समय चला जब वाहन मालिक ने घर के बाहर जाकर देखा तो उनकी गाड़ी वहां नहीं थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में डॉक्टर हिमांशु शर्मा ने बताया कि वह गांव खरावड़ से अपने घर लौटे थे। घर पहुंचने के बाद उन्होंने टाटा हैरियर गाड़ी को घर के बाहर सुरक्षित रूप से लॉक करके खड़ा कर दिया था। इसके बाद वह घर के अंदर चले गए। रात के दौरान किसी समय अज्ञात चोर उनकी गाड़ी चोरी कर ले गए। डॉ. हिमांशु शर्मा ने बताया कि जब वह अगले दिन सुबह उठे और बाहर आए तो उन्हें अपनी गाड़ी निर्धारित स्थान पर दिखाई नहीं दी। उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### पठानिया पब्लिक स्कूल में हुआ 'उन्नत जीवन कौशल पर इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'उन्नत जीवन कौशल' विषय पर एक इन-हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई की अधिकृत रिसोर्स पर्सन मीना एवं मिताली ने किया। कार्यशाला को रोचक, सहभागितापूर्ण और अनुभवात्मक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की व्यावहारिक गतिविधियों का सहारा लिया गया। इसमें शिक्षकों ने शील्ड मेकिंग, बिंगो, एरोप्लेन मेकिंग, स्टैंडिंग पेपर टॉवर चैलेंज, विजुअल आर्ट्स, केस स्टडी और समूह गायन जैसी गतिविधियों में भाग लिया। प्रेरणादायक फिल्मों के उदाहरणों और वास्तविक कक्षा-परिस्थितियों पर आधारित चर्चा से शिक्षकों को जीवन कौशल के विभिन्न आयामों से रूबरू कराया गया।

**शिक्षकों की कार्यदक्षता बढ़ातीं कार्यशाला**



कार्यशाला ने शिक्षकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यावहारिक और नवाचारी दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व सुनीता मोर, हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी और एकेडमी कोऑर्डिनेटर ने दोनों रिसोर्स पर्सन का हार्दिक आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षकों की कार्यदक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में भी बेहद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### महम नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, तबादले के लिए सीएम सैनी को भेजी शिकायत

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 10 निवासी ईश्वर पुत्र रणजीत ने महम नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। इस संबंध में उसने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शहरी निकाय मंत्री कृष्ण लाल पंवार को शिकायत दी है। ईश्वर ने कहा है कि यहां के कर्मचारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं। नगर पालिका के जमीनी रिकॉर्ड में छेड़छाड की जाती है। यदि शिकायत की जाती है तो ये धमकाते हैं। ईश्वर ने शिकायत में कहा है कि नगर पालिका में एक कर्मचारी दो-तीन दशक से एक ही जगह पर काम कर रहा है। उसने जब से नौकरी ज्वाइन की है, उसको यहां से बदला नही गया है। उसकी बदली न होने से नपा में वह ज्यादा प्रभावशाली हो गया है। तीर्थ क्लर्क ने प्लॉट व मकान आदि के एसेसमेंट व प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाला करके रिकॉर्ड को खुद बुर्द कर दिया है। उधर इस संबंध में क्लर्क तीर्थ से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उस पर लगाए आरोप बेबुनियाद हैं। शिकायतकर्ता के पास कोई सबूत है तो अफसरों के सामने प्रस्तुत करे, उसके खिलाफ जो भी कार्रवाई बनेगी, अफसर करेंगे।

### प्रशासन जनता तक सेवाएं पारदर्शी और तेज़ी से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाओं और सरकारी योजनाओं का पारदर्शी तरीके से त्वरित लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वे महम उपमंडल में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महम स्थित उपमंडलाधीश कार्यालय, तहसील कार्यालय और ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सेवाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद कर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का समयबद्ध और बिना किसी देरी के लाभ पहुंचे।

### 4.5 एकड़ में खड़ी हो रही अनाधिकृत कॉलोनी ढहाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- जिला योजनाकार विभाग की टीम ने सुनारियां कलां में की कार्रवाई

जिला प्रशासन ने अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को गांव सुनारियां कलां में बड़ी कार्रवाई की। यहां लगभग 4.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों पर तोड़-फोड़ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर बने दो निर्माण ढांचे, एक चारदीवारी तथा दो कच्चे सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। अधिकारियों के अनुसार, नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को किसी भी स्थिति में विकसित नहीं होने दिया जाएगा। इसी को लेकर नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवैध कॉलोनियों में अपनी जीवनभर की पूंजी निवेश करने से बचें। किसी भी जमीन या कॉलोनी की वैधता की जानकारी लेने के लिए लोग विभागीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## जलेबी चौक पर सघन मियावाकी वन विकसित करने की तैयारी

# जिले में इस बार 3.48 लाख पौधे लगाए जाएंगे: डीसी

**'एक पेड़ मां के नाम जन भागीदारी से हरित रोहतक अभियान' की शुरुआत की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'एक पेड़ मां के नाम जन भागीदारी से हरित रोहतक अभियान' की शुरुआत की घोषणा की है। इसका उद्देश्य जिले को सतत विकास और हरित मॉडल के रूप में विकसित करना है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने महम नर्सरी का निरीक्षण किया और विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में जिले में 185 हेक्टेयर में 3.48 लाख पौधे लगाए जाएंगे। लगभग 1.98 लाख पौधे वन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे, जबकि 1.50 लाख पौधे नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों को वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले की विभिन्न नर्सरियों में हजारों पौधे तैयार किए गए हैं, जिनमें महम, लाखन माजरा, सांघी, सांपला और सुनारिया नर्सरी प्रमुख हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि जलेबी चौक पर लगभग 70 हजार पौधों का सघन मियावाकी वन विकसित किया जाएगा, जबकि रोहतक-गोहाना मार्ग पर नया मियावाकी वन बनाया जाएगा। साथ ही सड़क किनारे, ड्रेनों, पंचायत भूमि और शहरी हरित पट्टियों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा।



रोहतक। वन विभाग की महम नर्सरी का निरीक्षण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

**प्राकृतिक खेती को मिलेगा बढ़ावा**

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिले में फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अलनीनो के प्रभाव को देखते हुए किसानों को कम पानी वाली फसलों की ओर प्रेरित किया जाए। डीसी बुधवार को कार्यालय में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 'मेरा पानी मेरी विरासत' और धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएसआर योजना के तहत 2026 में अब तक 9,905 किसानों ने 40,352 एकड़ क्षेत्र में पंजीकरण कराया है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में यूरिया, डीएपी, एमओपी सहित सभी प्रमुख उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप



गुरमत कैंप में अपनी प्रस्तुति देते बच्चे।

### 25 दिवसीय गुरमत कैंप का समापन

**रोहतक।** गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार, शिवाजी कॉलोनी में 25 दिवसीय गुरमत कैंप का समापन किया गया। जिसमें 2 जून से 60 से 70 बच्चों ने भाग लिया। जिन्होंने गुरुद्वारा साहिब के इस कैंप में पंजाबी, गुरमुखी, गुरमत ज्ञान 10 पातशाही के नाम, गुरबाणी कीर्तन व अन्य जानकारी प्राप्त की। बीबी रितु कौर, बीबी मंजू कौर और भाई गौरव हंस की ओर से सभी बच्चों को सिख इतिहास के बारे में बताया गया। यह जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उप प्रधान सरदार परमजीत सिंह ने दी।

### डॉ. पूजा सुनेजा ने संभाला कार्यभार

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. डॉ. पूजा सुनेजा ने आज यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के निदेशक पद का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए चलाया जागरूकता अभियान

**रोहतक।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी के एचआईवी/एड्स टारगेटेड इंटरवेंसन (टीआई) कार्यक्रम के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अजहरुद्दीन अजहर की नुक्कड़ नाटक टीम ने प्रवासी मजदूरों, ट्रक एवं बस चालकों तथा आम नागरिकों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक किया। मौके पर टीआई हेड प्रीति सांगवान, तान्या, सरला आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत होंगे मुख्य अतिथि

# एमडीयू के टैगोर सभागार में आज मनेगा 'संविधान हत्या दिवस', लोकतंत्र सेनानियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कांग्रेस शासनकाल में लगाए गए आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के टैगोर सभागार में प्रदेश स्तरीय 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले 11 जिलों के लोकतंत्र सेनानियों तथा उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

दिल्ली बाईपास सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का ऐसा दिन है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को निरस्त किए जाने के बाद देश में आपातकाल लागू किया गया था। इसके बाद लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर व्यापक प्रतिबंध लगाए गए। आपातकाल केवल राजनीतिक विरोधियों को दबाने का प्रयास नहीं था, बल्कि यह संविधान, न्यायपालिका, प्रेस और लोकतांत्रिक मूल्यों पर संगठित हमला था। उस दौर में लाखों लोगों को जेलों में बंद किया गया, मीडिया पर सेंसरशिप लगाई गई और नागरिकों के मौलिक अधिकार प्रभावी रूप से समाप्त कर दिए गए।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करती भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता,राज्यसभा सांसद संजय भाटिया व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो: हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, सचिव रेनू डाबला, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक, रोहतक के महापौर रामावतार वाल्मीकि, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज और सह प्रभारी ललित कुमार भारद्वाज मौजूद रहे।

### रोहतक का चयन ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण

कार्यक्रम के लिए रोहतक का चयन भी विशेष महत्व रखता है। आपातकाल के दौरान देश के कई प्रमुख नेता, जिनमें लालकृष्ण आडवाणी, सिकंदर बख्त और जॉर्ज फर्नांडिस जैसे दिग्गज शामिल थे, रोहतक जेल में बंद रहे थे। इसलिए लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष की स्मृतियों को संजोने के लिए रोहतक उपयुक्त स्थान है।

### लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को मिलेगा सम्मान

राज्यसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को राष्ट्रीय सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह दिवस उन लाखों नागरिकों के त्याग और संघर्ष का स्मरण कराता है।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता बोली कांग्रेस के पास न नेता और न नीति

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता भी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार देर रात रोहतक पहुंची। उन्होंने पार्टी नेताओं से बातचीत कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास न नेता है और न ही नीति है। उनके पास कोई मुद्दा तक नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा झूठ फैलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पार्टियों में भगदड़ सी मची हुई है। उन्होंने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी लोगों को गुमराह करते रहे। उन्होंने बताया कि रोहतक के अलावा पंचकूला, फरीदाबाद और प्रदेश के अन्य जिलों में भी संविधान हत्या दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिवारों को सम्मानित किया जाएगा तथा आपातकाल के दौरान हुए घटनाक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लोकतंत्र की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान किया।

## फीस जमा होते ही पहुंचेगा संदेश, अपडेट रहेंगे विवि के स्टूडेंट्स

# एमडीयू के 1.90 लाख छात्रों को अब ई-मेल पर मिलेगी हर जरूरी सूचना

वर्तमान समय में मोबाइल पर भेजे जाने वाले सामान्य संदेशों की तुलना में ई-मेल अधिक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सिटी पल्स

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने अपने लगभग 1 लाख 90 हजार छात्रों तक महत्वपूर्ण सूचनाएं तुरंत पहुंचाने के लिए नई ई-मेल आधारित सूचना प्रणाली शुरू करने की तैयारी कर ली है। विश्वविद्यालय प्रशासन का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा, प्रवेश, फीस, एडमिट कार्ड, परीक्षा परिणाम, जन्मदिन की शुभकामनाओं सहित विभिन्न अकादमिक और प्रशासनिक जानकारियां सीधे उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर उपलब्ध कराना है। इसके लिए पिछले कुछ दिनों से सिस्टम की टेस्टिंग भी की जा रही है।

विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार नई व्यवस्था के तहत अब छात्रों को विश्वविद्यालय से जुड़ी प्रत्येक महत्वपूर्ण सूचना ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी। प्रशासन का मानना है कि वर्तमान समय में मोबाइल पर भेजे जाने वाले सामान्य संदेशों की तुलना में ई-मेल अधिक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। छात्र अपने मोबाइल फोन पर ई-मेल नोटिफिकेशन तुरंत प्राप्त कर सकते हैं और आवश्यक जानकारी सुरक्षित रूप से अपने पास भी रख सकते हैं। एमडीयू ने इस प्रणाली के परीक्षण के दौरान अब तक करीब साढ़े तीन लाख ई-मेल विभिन्न छात्रों को भेजे हैं। टेस्टिंग के परिणाम संतोषजनक रहने के बाद विश्वविद्यालय इसे विधिवत रूप से लागू करने की तैयारी में जुटा हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था लागू होने से छात्रों को किसी भी सूचना के लिए बार-बार विश्वविद्यालय या कॉलेजों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इस प्रणाली का सबसे बड़ा लाभ फीस संबंधी पारदर्शिता के रूप में सामने आएगा। कई बार ऐसी शिकायतें सामने आती रही हैं कि छात्र कॉलेज में फीस जमा कर देते हैं, लेकिन किसी कारणवश वह राशि समय पर विश्वविद्यालय के खाते में जमा नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में छात्रों को परीक्षा फार्म, एडमिट कार्ड या अन्य प्रक्रियाओं के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब जब भी कोई संबद्ध कॉलेज किसी छात्र की फीस विश्वविद्यालय में जमा कराएगा, उसकी तत्काल सूचना संबंधित छात्र को ई-मेल के माध्यम से भेज दी जाएगी।

### छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच संवाद भी अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगा

यदि किसी छात्र ने ऑनलाइन आवेदन, परीक्षा फार्म या अन्य दस्तावेज भरते समय कोई त्रुटि कर दी है तो उसकी जानकारी भी सीधे ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे छात्र समय रहते अपनी गलती सुधार सकेंगे और बाद में होने वाली परेशानियों से बच सकेंगे। नई प्रणाली के तहत प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा कार्यक्रम, एडमिट कार्ड जारी होने, परिणाम घोषित होने और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों से जुड़ी सूचनाएं भी सीधे छात्रों तक पहुंचेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि डिजिटल संचार व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल सूचना पहुंचाने की प्रक्रिया तेज होगी बल्कि छात्रों और विश्वविद्यालय के बीच संवाद भी अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनेगा। अधिकारियों के अनुसार आने वाले समय में इस प्रणाली का दायरा और बढ़ाया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की हर महत्वपूर्ण गतिविधि की जानकारी बिना किसी देरी के उनके ई-मेल पर प्राप्त हो सके।



रोहतक। शिविर के लिए स्वयंसेविकाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एमडीयू के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल। फोटो: हरिभूमि

### साहसिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए एमडीयू एनएसएस दल मनाली रवाना

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) सेल की 15 स्वयंसेविकाएं और 2 महिला दल प्रभारी साहसिक शिविर में भाग लेने के लिए मनाली रवाना हुईं। ये स्वयंसेविकाएं विश्वविद्यालय से संबद्ध 14 विभिन्न महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और आगामी दस दिनों तक पर्वतीय क्षेत्र में रहकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। यह साहसिक शिविर 25 जून से 4 जुलाई तक हिमाचल प्रदेश के मनाली (सोलंग नाला) स्थित स्कीइंग सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं को चट्टान पर चढ़ाई (रॉक क्लाइम्बिंग), पैदल पहाड़ी यात्रा (ट्रेकिंग), रस्सी के सहारे उतरना (रैपलिंग), पर्वतीय जीवन की मूल तकनीकें, आपदा प्रबंधन तथा दल भावना से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एमडीयू के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने स्वयंसेविकाओं को हरी झंडी दिखाकर शिविर के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। स्वयंसेविकाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि मनाली का प्राकृतिक वातावरण अत्यंत सुंदर और प्रेरणादायक है, इसलिए वे कठिन प्रशिक्षण के साथ-साथ वहां के अनुभवों से भी सीख लें तथा इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने कहा कि साहसिक गतिविधियां युवाओं में सेवा, समर्पण, अनुशासन तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करती हैं। मौके पर राज्य एनएसएस संपर्क अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया।



रोहतक। टीजीटी शिक्षक स्वर्गीय मुकेश कुमार के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करते हरियाणा के प्रधान अशोक आर्य व अन्य सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### टीचर सेल्फ केयर टीम हरियाणा बनी दिवंगत शिक्षकों के परिवारों का संबल

**रोहतक।** शिक्षा विभाग के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए समर्पित सामाजिक संगठन टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) हरियाणा लगातार मानवता और आपसी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। टीम द्वारा हाल ही में चलाए गए चौथे सहयोग अभियान के अंतर्गत रेवाड़ी जिले के दिवंगत टीजीटी शिक्षक स्वर्गीय मुकेश कुमार के परिवार को 11 लाख 47 हजार 939 रुपये की बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। संगठन के नियमों के तहत यह राशि टीम के 3504 पंजीकृत सदस्यों द्वारा 325 रुपये प्रति सदस्य के योगदान से सीधे दिवंगत शिक्षक की पत्नी और नॉमिनी रेनू देवी के बैंक खाते में पारदर्शी तरीके से भेजी गई। टीएससीटी हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप आर्य ने बताया कि संगठन की स्थापना शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के बीच सामाजिक सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी। वहीं, टीम के प्रधान अशोक आर्य ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि संगठन अब तक चार सहयोग अभियानों के माध्यम से कुल चार दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को लगभग 45 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान कर चुका है।



रोहतक। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को मिठाई खिलाते राज्य प्रधान कुलदीप शर्मा।

### आबकारी एवं कराधान कर्मचारी वेलफेयर एसो. की बैठक में नई जिला कार्यकारिणी का गठन

**रोहतक।** आबकारी एवं कराधान कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन एवं हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबद्ध संगठन की जिला रोहतक इकाई की बैठक राज्य प्रधान कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला रोहतक की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें धर्मजीत को जिला प्रधान, अनुप सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, मोहित को जिला सचिव, पवन कुमार को उपप्रधान, संदीप को सहसचिव, मोहित श्योराण को खजांची, वीरेंद्र काजल को प्रेस सचिव तथा अमन कुमार को ऑडिटर चुना गया। इस अवसर पर राज्य चेयरमैन वीरेंद्र काजल, हरियाणा कर्मचारी महासंघ के नेता नीरज सिंधु सहित संगठन के कई कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

### चैनत गांव में कार्रवाई पर किसान सभा ने जताया विरोध, दमन का लगाया आरोप

**रोहतक।** चैनत गांव में पीने के पानी की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान आधी रात को प्रशासनिक कार्रवाई में अश्रु गैस के गोले छोड़े जाने और लाठीचार्ज किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस पूरे घटनाक्रम की अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा राज्य कमेटी ने कड़ी निंदा की है और इसे ग्रामीणों के अधिकारों का दमन बताया है। राज्य प्रधान बलबीर सिंह और सुमित दलाल ने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ महीने से चैनत गांव के लोग पीने के पानी की समस्या को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। आरोप है कि भूख हड़ताल के 11 दिन बाद पाइपलाइन में तकनीकी व्यवस्था के तहत टी जोड़कर पानी की आपूर्ति शुरू की गई, लेकिन अगली ही रात भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उसे हटाने की कार्रवाई की गई, जिसमें महिलाओं पर भी बल प्रयोग किया गया।

### अंडर-23 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप एमडीयू में 9 से 12 तक

**रोहतक।** हरियाणा की खेल नगरी रोहतक एक बार फिर बड़े स्तर पर पहलवानों की मेजबानी के लिए तैयार है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक के परिसर में 9 जुलाई से 12 जुलाई 2026 तक अंडर-23 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देश भर के शीर्ष युवा पहलवान वीमेन रेसलिंग, फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन स्टाइल में अपना दम-खम दिखाएंगे। प्रतियोगिता में देशभर से अलग-अलग राज्यों के खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे।

#### महिला कुश्ती

9 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे टीमों का आगमन। शाम 5:00 से 6:30 बजे तक सभी वेट कैटेगरी (50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72 और 76 किलोग्राम) का वेरिफिकेशन होगा। 10 जुलाई को सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक वजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 9:00 बजे से क्वालिफिकेशन, रेपेचेज और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

#### फ्री स्टाइल कुश्ती

10 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे फ्री स्टाइल टीमों का आगमन। शाम 5:00 से 6:30 बजे तक वेट कैटेगरी (57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 और 125 किलोग्राम) का वेरिफिकेशन। 11 जुलाई को सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक वजन और सुबह 9:00 बजे से नॉकआउट, रेपेचेज व फाइनल राउंड के मुकाबले शुरू होंगे।

ग्रीको रोमन स्टाइल 11 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे टीमों का आगमन। शाम 5:00 से 6:30 बजे तक वेट कैटेगरी (55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97 और 130 किलोग्राम) का वेरिफिकेशन। 12 जुलाई को सुबह 7:00 से 8:00 बजे तक वजन की प्रक्रिया और सुबह 9:00 बजे से क्वालिफिकेशन, रेपेचेज और फाइनल राउंड के मुकाबले शुरू होंगे।

## वैदिक विश्वसभा की चिकित्सा शिक्षा हिन्दी में करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सरल स्वदेशी शिक्षा अपनाओ युवा बचाओ अभियान के अंतर्गत वैदिक विश्वसभा ने पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इसमे मांग की कि चिकित्सा शिक्षा का माध्यम हिन्दी रखा जाए। छात्र भी ऐसा चाहते हैं। शिक्षक हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छात्रों को पढाएं। छात्र इच्छानुसार हिन्दी अंग्रेजी या मिली जुली भाषा में उत्तर दे सकें। हिन्दी माध्यम अपनाने वाले छात्रों को सेवा साक्षात्कार में 3-5 अंक का अधिमान दिया जाए, जिससे युवा अपने देश में सम्मान के साथ राष्ट्रभाषा में काम कर सकें। यह सुझाव आप सरकार को भेज सकते हैं। मानक हिन्दी शब्दावली आयोग द्वारा तैयार तथा म. गांधी काशी विद्यापीठ में चिकित्सा अधिकारी रहे डा. प्रिय कुमार चौबे द्वारा लिखित चिकित्साशास्त्र की हिन्दी पुस्तकें मंगाकर छात्रों को दी जाएं और पुस्तकालय में रखी जाएं।

ज्ञापन में छात्रों का छात्रावासों से बाहर जाने पर रोक लगाने, छात्रों की दैनिक उपस्थिति अनुपस्थिति प्रगति अधो गति बारे माता पिता को सूचित करने का तंत्र बनाने, छात्रावासों में नशा करने पर कठोर दंड देने का प्रावधान करने, सभी आयोजनों में अस्वास्थ्यकर तले खाद्य तथा शीतल पेय परोसने पर प्रतिबंध लगाने का भी अनुरोध किया है। निवेदन किया गया है कि शीघ्र ही चिकित्सा शिक्षा और राष्ट्रभाषा माध्यम तथा आज की परिस्थितियों में गुरुकुल शिक्षा की आवश्यकता विषयों पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाएं। शिष्टमंडल में सभा के संरक्षक प्रो.महावीर धीर शास्त्री,उपसचिव रवीन्द्र कुमार, अभिभावक संघ हरयाणा के अध्यक्ष यशवन्त, 2+5 मुद्दे सदस्य दलवीर उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए हरियाणा अंडर-18 बालिकाओं का प्रशिक्षण शिविर जारी

**रोहतक।** हैदराबाद में 6 से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंडर-18 रग्बी प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की लड़कियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी में चल रहा है। बुधवार को खेल विभाग के पूर्व महानिदेशक व आयुक्त जगदीप सिंह ने शिविर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान, हॉस्टल, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को देखकर खेल संघ की सराहना की। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए जगदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा की बेटियां खेलों में लगातार इतिहास रच रही हैं और रग्बी में भी प्रदेश का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड और हरियाणा रग्बी यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेंद्र मोर ने बताया कि इस शिविर के प्रदर्शन के आधार पर ही हैदराबाद जाने वाली मुख्य हरियाणा टीम का चयन होगा।

### बुनियादी ढांचे और बेहतर गवर्नेंस ने गुजरात को बनाया विकास का मॉडलः प्रो. सांगवान

**रोहतक।** देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में शामिल गुजरात आज आर्थिक विकास, निर्यात और विनिर्माण के क्षेत्र में नई मिसाल बनकर उभरा है। विशेषज्ञों का मानना है कि गुजरात का विकास मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी सीख का विषय है।



पूर्व प्रोफेसर एवं नाबार्ड के पूर्व महाप्रबंधक डॉ. शेर सिंह सांगवान के अनुसार गुजरात का देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 8.3 प्रतिशत योगदान है, जबकि देश की कुल आबादी में उसकी हिस्सेदारी केवल 5.2 प्रतिशत है। पिछले एक दशक में राज्य की आर्थिक विकास दर राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक रही है। डॉ. सांगवान ने कहा कि गुजरात की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता उसका मजबूत विनिर्माण क्षेत्र है। राज्य की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान करीब 35 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 17 प्रतिशत से दोगुना है। देश के कुल माल निर्यात में गुजरात की हिस्सेदारी लगभग 27 प्रतिशत बताई जाती है।

### बंद शौचालयों की समस्या लेकर सीएम से मिले समाजसेवी जसबीर कुमार

**रोहतक।** शहर में बंद पड़े और खराब हालत में मौजूद सार्वजनिक शौचालयों की समस्या को लेकर समाजसेवी जसबीर कुमार चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। जसबीर कुमार, निवासी पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ने मुख्यमंत्री को बताया कि रोहतक शहर के कई सार्वजनिक शौचालय लंबे समय से बंद पड़े हैं, जबकि कई शौचालयों की स्थिति बेहद खराब है। मुख्यमंत्री ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपने ओएसडी और संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि समस्या का जल्द समाधान करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।


**सूचना**

मैं, सुरेन्द्र पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी वार्ड- 8, महम तहसील महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पंकज शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

मैं कुलदीप पुत्र राम सिंह निवासी देव कालोनी, खेड़ी सांपला, जिला रोहतक का स्थाई निवासी हूँ तथा अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र जतिन व पुत्रवधू अन्जु मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र जतिन व पुत्रवधू अन्जु को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा पुत्र जतिन व पुत्रवधू अन्जु अपने सभी प्रकार के लेनदेन व अन्य गैर कानूनी कार्यो के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे उसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**बैठक** भाजपा नेता ने गांधीनगर शक्ति केंद्र की बैठक में लंबित कार्यों की समीक्षा की

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक : अशोक खुराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को दूर करना है। उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पार्षद प्रतिनिधि अशोक खुराना ने गांधीनगर शक्ति केंद्र की बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने बैठक के दौरान विभिन्न बूथों के बीएलए 2 व शक्ति केंद्र पदाधिकारियों से एसआईआर अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की तथा लंबित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अभियान को निर्धारित समय अवधि में शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए तथा किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने, नए मतदाताओं का पंजीकरण करवाने तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति नीति के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहां कि लोकतंत्र के सशक्तिकरण एवं मतदाता जागरूकता अभियान को ओर अधिक प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय स्थित टैगोर आडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित काला दिवस में अवश्य पहुंचे। इस बैठक में भाजपा के पूर्व निगम पार्षद राधेश्याम ढ़ल, विजय परुथी, सुरिंदर अरोड़ा, अशोक मदान, भारत अनेजा, जगदीश दुआ, लक्की परूथी, टोनी शर्मा, जगमोहन पाहवा, सन्नी निझावन, प्रिंस परूथी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 355 ग्राम गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की थाना शहर टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक महिला को गांजा सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से 355 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी महिला को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक संजीत के नेतृत्व में थाना शहर की पुलिस टीम हिसार बाईपास चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गढ़ी मोहल्ला निवासी एक महिला नशीले पदार्थ की बिक्री करने की फिराक में है।

### फ्लैट धोखाधड़ी मामले में आरोपी को मिली जमानत

**रोहतक।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह की अदालत ने करोड़ों रुपये के फ्लैटों से जुड़ी कथित धोखाधड़ी के मामले में आरोपी सुभाष गुप्ता को जमानत प्रदान कर दी है। आरोपी सुभाष गुप्ता, जो दिल्ली के पश्चिम विहार क्षेत्र के निवासी हैं, 25 मार्च से रोहतक की सुनारिया जेल में न्यायिक हिरासत में बंद थे। मामले के अनुसार सुभाष गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने करोड़ों रुपये मूल्य के फ्लैटों को कथित रूप से धोखाधड़ी कर अन्य व्यक्तियों के नाम स्थानांतरित कर दिया। इस संबंध में सुनारिया जेल के पूर्व डिप्टी सुपरिंटेंडेंट जेल सुदर्शन कुमार सहित दर्जनों लोगों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। शिकायतों के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज कर जांच शुरू की थी। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि मामले की जांच पूरी हो चुकी है और आरोपी पिछले लगभग तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में है।

### दहेज उत्पीड़न के दो मामले दर्ज, ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**रोहतक।** जिले में दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में शिकायतों के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक मामले में महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने, घर से निकालने तथा यौन शोषण के आरोप लगाए हैं, दूसरे मामले में पति पर दहेज की मांग, मारपीट और स्त्रीधन हड़पने का आरोप लगाया गया है। बहु अकबरपुर थाना पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार गांव निदाना निवासी तनु पुत्री खुशी पाल ने आरोप लगाया कि उसके पति तान सिंह, ससुर जय सिंह, सास मुन्नी, देवर राहुल, ननद स्वीटी निवासी गांव कुल्लहेरा नारायणपुर जिला अलवर (राजस्थान) तथा पूजा पत्नी विक्रम निवासी नानू ने दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया।

# नशे के खिलाफ सड़कों से थाने तक पहुंची आवाज: सामाजिक संगठनों ने डीएसपी को घेरा, बोले-अब कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नशामुक्त बनाने की मुहिम अब जन आंदोलन का रूप लेने लगी है। शहर के कई इलाकों में कथित रूप से बढ़ रहे नशे के कारोबार को लेकर सामाजिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को महिला थाना परिसर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डीएसपी के समक्ष नशा तस्करी से जुड़े मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया और प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की मांग की। नशा मुक्त अभियान के संचालक सरदार निर्मल सिंह के नेतृत्व में सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने डीएसपी को एक विस्तृत लिखित शिकायत सौंपी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि इंदिरा कॉलोनी, करतारपुरा, गढ़ी मोहल्ला, खोखराकोट और आसपास के क्षेत्रों में नशे का कारोबार लगातार फैल रहा है। हालात ऐसे हैं कि नशा बेचने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम अपने नेटवर्क का संचालन कर रहे हैं।

**इंदिरा कॉलोनी, गढ़ी मोहल्ला, करतारपुरा और खोखराकोट में खुलेआम बिक रहा नशा, स्थायी नाके व सीसीटीवी की उठी मांग**



रोहतक। डीएसपी को ज्ञापन देते नशा मुक्त अभियान के संचालक सरदार निर्मल सिंह व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### नशे की गिरफ्त में युवा सबसे अधिक

बैठक में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि नशे की गिरफ्त में सबसे अधिक युवा पीढ़ी आ रही है। इसके कारण परिवार टूट रहे हैं, अपराध बढ़ रहे हैं और सामाजिक वातावरण लगातार बिगड़ता जा रहा है। प्रतिनिधियों ने दावा किया कि कई क्षेत्रों में सुबह से लेकर देर रात तक नशे की बिक्री की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे स्थानीय लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### तीन प्रमुख मांगें रखीं

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखीं। इनमें इंदिरा कॉलोनी, करतारपुरा, गढ़ी मोहल्ला और खोखराकोट में स्थायी पुलिस नाके स्थापित करना, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करना तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर चौबीस घंटे निगरानी सुनिश्चित करना शामिल है। साथ ही नशा तस्करों और विक्रेताओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कठोर कानूनी कार्रवाई की भी मांग की गई।

### रोहतक आईजी को सौंपा था ज्ञापन

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि कुछ दिन पहले इसी मुद्दे को लेकर रोहतक आईजी को ज्ञापन सौंपा गया था। उसी ज्ञापन के आधार पर मामले की जांच और रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी डीएसपी रोहतक को सौंपी गई थी। बुधवार को हुई बैठक इसी प्रक्रिया का हिस्सा रही।

### रिपोर्ट एसपी रोहतक को भेजी जाएगी

डीएसपी रोहतक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायत और मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा। मामले से संबंधित रिपोर्ट एसपी रोहतक को भेजी जाएगी और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक कार्रवाई के लिए मजबूत सिफारिश की जाएगी।

**ये रहे मौजूद:** बैठक में पार्षद धर्मबीर सैनी, शास्त्री राजकुमार, रजत कुमार, हरिशित दुआ, दीपक कुमार, आशीष कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान नशा मुक्त रोहतक अभियान के पदाधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## चार जोन में एक करोड़ का टेंडर, बारिश होने पर बिगड़ेंगे हालात

# ये कैसी योजना : सफाई का टेंडर जारी फिर भी नालों के निर्माण का चल रहा कार्य

### पानी निकालने वाले नाले ही बन जाएंगे पानी जमा होने का कारण

- गोहाना अड्डा से सुखपुरा चौक तक प्रमुख नाले का अभी भी चल रहा निर्माण कार्य
- पार्षद अधिकारियों पर उठा रहे हैं सवाल
- जलभराव से दुकानदारों का काम होगा प्रभावित





रोहतक। गोहाना रोड स्थित नाले की बाउंडरी अभी तक कच्ची, गोहाना रोड स्थित नाले में धीमी गति से चल रहा निर्माण कार्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मानसून सिर पर है और नगर निगम ने शहर को जलभराव से बचाने के लिए करीब एक करोड़ रुपये का नालों की सफाई का टेंडर भी जारी कर दिया है, लेकिन दूसरी ओर शहर के कई प्रमुख नालों का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि गोहाना अड्डा से सुखपुरा चौक तक के मुख्य नाले का निर्माण कार्य अब भी जारी है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब नाले अधूरे हैं तो उनकी सफाई की योजना किस तरह प्रभावी साबित होगी। इस क्षेत्र में मानसून के दौरान करीब एक किलोमीटर तक के एरिया में इसी नाले की सफाई न हो पाने के चलते दो से ढाई फुट तक का जलभराव हो जाता है। पानी सड़क से होते हुए आसपास की कॉलोनियों तक में घुस जाता है। पार्षदों के साथ-साथ बाजारों के दुकानदार भी संभावित जलभराव को लेकर चिंतित हैं और निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं।नगर निगम ने शहर के 24 वार्डों को चार जोन में विभाजित कर नालों की सफाई का टेंडर जारी किया है। निगम प्रशासन का दावा है कि मानसून से पहले प्रमुख नालों और ड्रेनों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि जमीनी स्थिति इससे अलग दिखाई दे रही है। शहर के सबसे महत्वपूर्ण जल निकासी मार्गों में शामिल गोहाना अड्डा से सुखपुरा चौक तक के नाले का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। कई स्थानों पर निर्माण सामग्री पड़ी हुई है और कार्य जारी है। ऐसे में यदि मानसून की तेज बारिश शुरू हो जाती है तो अधूरे नाले जल निकासी में बाधा बन सकते हैं।

### निर्माण कार्यों में तेजी लाने की मांग

कई पार्षदों का कहना है कि पहले निर्माण कार्यों को पूरा किया जाना चाहिए था, उसके बाद सफाई अभियान चलाया जाता। उनका तर्क है कि अधूरे नालों की सफाई पर खर्च किया जाने वाला पैसा भी पूरी तरह उपयोगी साबित नहीं होगा। पार्षदों ने निगम अधिकारियों से निर्माण कार्यों में तेजी लाने और मानसून से पहले सभी प्रमुख नालों को चालू स्थिति में लाने की मांग की है।

### व्यापारी चिंतित, हो सकता है नुकसान

प्रमुख बाजारों के दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि हर साल बरसात के दौरान बाजारों में जलभराव की समस्या सामने आती है, जिससे कारोबार प्रभावित होता है। इस बार भी यदि नालों की सफाई नहीं हुई तो दुकानों और प्रतिष्ठानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सफाई और निर्माण दोनों कार्य समानांतर रूप से चल रहे हैं। प्रयास है कि मानसून के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति न बने।

# मेयर को उठानी पड़ी झाड़ू



रोहतक। सफाई अभियान का शुभारंभ करते महापौर रामअवतार वाल्मीकि व अन्य नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**वार्ड एक और छह में जनभागीदारी से चलाए गए विशेष सफाई अभियान, रामअवतार वाल्मीकि ने की अगुवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में निरंतर विशेष सफाई अभियान चलाये जा रहें है। अब नगर निगम द्वारा जनभागीदारी से अतिरिक्त कर्मचारी एंव संसाधन लगाकर महा सफाई अभियान चलाये जायेंगें। आज विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ महापौर रामअवतार वाल्मीकि द्वारा वार्ड नं. 01 से किया गया, जिस दौरान वार्ड सदस्य अक्षय कुमार व निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर का निर्माण केवल नगर निगम के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य को लेकर वार्ड स्तर पर विशेष सफाई अभियान आरंभ किया गया है जिस दौरान वार्ड 1 में व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। इसके लिए नगर निगम द्वारा लगभग 50 सफाई कर्मचारियों, 1 ट्रैक्टर-ट्राली तथा 7 रेहड़ियों को लगाया गया। सफाई कर्मचारियों ने वार्ड की मुख्य सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों व विशेषकर आगामी मानसून को देखते हुए जीटी सफाई की गई ताकि बरसात के समय जलभराव न हो सके।

### निगम ने काटे चालान

निगम की टीमों एवं प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड की टीम ने शहर के मुख्य मार्गों, बाजारों में संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया, जिस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंककर गंदगी फैलाने वाले 16 व्यक्तियों के चालान कर 6000 रुपये का जुर्माना व प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचने वालो पर 2 चालान कर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## दो किलो गांजे के साथ आरोपी काबू, न्यायिक हिरासत में भेजा

**रोहतक।** शहर थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब दो किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखपति दास पुत्र कुशेश्वर दास निवासी पटना (बिहार), हाल निवासी सत्यमपुरा, झाड़ोदा बॉर्डर, नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी नशीले पदार्थ की तस्करी में संलिप्त है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक किलो 954 ग्राम गांजा बरामद किया। बरामद नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ एवं मनःप्रभावी पदार्थ



अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की गई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह गांजा कहां से लेकर आया था तथा इसे किसे सप्लाई किया जाना था। मामले में आगे की जांच जारी है और नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया।

## एमडीयू की छात्रा स्नेहा हुड्डा भारतीय वायु सेना में बतौर अधिकारी चयनित



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के अंग्रेजी विभाग की भूतपूर्व छात्रा तथा तथा दो हरियाणा (गर्ल्स) बटालियन, एनसीसी (रोहतक) की कैडेट स्नेहा हुड्डा का चयन भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के फ्लाइंग (पायलट) ब्रांच में बतौर अधिकारी हुआ है। बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने स्नेहा हुड्डा को इस गौरवमयी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी तथा सम्मानित किया। स्नेहा ने महर्षि विश्वविद्यालय तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि से लड़कियों को भारतीय सशस्त्र सेना में करियर बनाने की प्रेरणा मिलेगी।प्रो. मिलाप पूनिया ने स्नेहा हुड्डा, उनके पिता हरवीर हुड्डा, माता पार्वती हुड्डा के साथ कुलपति कार्यालय में संवाद किया। कुलपति ने स्नेहा को भविष्य में भी अध्ययनशील रहने तथा उच्चतर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। गौरतबल है कि स्नेहा ने एमडीयू के अंग्रेजी विभाग से बीए (आनर्स) अंग्रेजी (2022-25) की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने विश्वविद्यालय के यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट के तहत भी मार्गदर्शन-प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर एमडीयू के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी, एनसीसी अधिकारी डा. आरती चहल तथा डा. विकास संधु उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 6 पेटी देशी और आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**रोहतक।** पुराना सब्जी मंडी थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार पेटी देशी शराब तथा आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की हैं। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष पुत्र जयवीदर निवासी पहाड़ा मोहल्ला के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चार पेटी देशी शराब और आठ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब के संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मकान के बाहर खड़ा थ्रीव्हीलर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने मकान के बाहर खड़े थ्रीव्हीलर की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया थ्रीव्हीलर भी बरामद कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई गई। मामले की गहनता से जांच जारी है। कलानौर निवासी आशीष की शिकायत पर थाना कलानौर में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसने अपना थ्रीव्हीलर घर के बाहर खड़ा किया हुआ था। 18 जून की सुबह जब वह बाहर आया तो उसका वाहन वहां से गायब मिला। काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अज्ञात युवक रात के समय थ्रीव्हीलर चोरी कर मौके से फरार हो गया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच की जिम्मेदारी सहायक उप निरीक्षक सुनील को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए 23 जून को आरोपी विकास पुत्र बिजेंद्र निवासी कलानौर को गिरफ्तार कर लिया।

### अस्थल बोहर की महिला के बच्चे की सोनीपत में इलाज के दौरान संदिग्ध मौत

**रोहतक/ सोनीपत।** रोहतक के अस्थल बोहर की रहने वाली महिला के बच्चे की सोनीपत में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोनीपत की गुड़मंडी स्थित एक निजी क्लीनिक में उपचार के दौरान सात माह के मासूम बच्चे की जान चली गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सिटी थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा और उसी आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अस्थल बोहर निवासी वीरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पत्नी गायत्री इन दिनों वेस्ट राम नगर स्थित अपने मायके में रह रही थी। उनके सात माह के बेटे शिवांश को दस्त की शिकायत होने पर गायत्री उसे उपचार के लिए गुड़मंडी स्थित एक निजी क्लीनिक में लेकर गई थीं। परिजनों का आरोप है कि जांच के बाद चिकित्सक ने बच्चे को एक गोली दी और पानी पिलाया। दवा देने के कुछ ही समय बाद मासूम की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसकी सांसें उखड़ने लगीं और शरीर नीला पड़ गया। मां की गोद में ही बच्चा बेसुध हो गया। घबराए परिजन तुरंत बच्चे को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## हरियाणा बिजली वितरण निगम देता है 6.75 प्रतिशत ब्याज

# सिक्योरिटी राशि के करोड़ों रुपये, मगर ब्याज शून्य पीएनजी उपभोक्ताओं के पैसों से कंपनी मालामाल

### शहर में इस समय 12-13 हजार पीएनजी कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा लेने वाले हजारों उपभोक्ताओं के बीच इन दिनों एक सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है। सवाल यह है कि कनेक्शन लेते समय उपभोक्ताओं से हजारों रुपये की सिक्योरिटी राशि तो जमा करवाई जाती है, लेकिन उस राशि पर उन्हें किसी प्रकार का ब्याज क्यों नहीं दिया जाता। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब अन्य सार्वजनिक सेवाओं में सिक्योरिटी जमा पर ब्याज देने की व्यवस्था है, तो पीएनजी उपभोक्ताओं को इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है। शहर में पीएनजी सेवा उपलब्ध करा रही कंपनी द्वारा प्रत्येक घरेलू कनेक्शन पर करीब 6 हजार रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करवाई जाती है। रोहतक शहर में वर्तमान में 12 से 13 हजार पीएनजी कनेक्शन सक्रिय बताए जाते हैं। यदि 13 हजार कनेक्शनों को आधार माना जाए तो केवल सिक्योरिटी मद में कंपनी के पास करीब 7.80 करोड़ रुपये जमा बैठते हैं। आने वाले समय में जब जिले के अन्य कस्बों और गांवों में भी पीएनजी नेटवर्क का विस्तार होगा, तब यह राशि कई करोड़ रुपये और बढ़ सकती है।

### कनेक्शन बंद कराने पर कटौती भी

सिक्योरिटी राशि की वापसी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उपभोक्ताओं का दावा है कि कनेक्शन स्थायी रूप से बंद कराने की स्थिति में पूरी सिक्योरिटी राशि वापस नहीं मिलती। उनका कहना है कि विभिन्न शुल्कों के नाम पर कटौती किए जाने की बात सामने आती है। यदि ऐसा है तो कंपनी को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना चाहिए कि कटौती किस नियम के तहत की जाती है और उपभोक्ता को जमा राशि का कितना हिस्सा वापस मिलता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कनेक्शन लेते समय शर्तें विस्तार से नहीं बताई जातीं, जिससे बाद में विवाद की स्थिति बनती है।

### विकल्प नहीं, इसलिए सवाल और भी बड़े

जिले में पीएनजी आपूर्ति का जिम्मा एक ही कंपनी के पास होने के कारण उपभोक्ताओं के पास किसी दूसरे सेवा प्रदाता को चुनने का विकल्प नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही का स्तर और अधिक होना चाहिए। उनका मानना है कि सिक्योरिटी राशि, उसके उपयोग, ब्याज और रिफंड से जुड़े नियमों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि उपभोक्ताओं में किसी प्रकार की शंका न रहे। उपभोक्ता सतीश कुमार का कहना है कि जब हजारों परिवारों के करोड़ों रुपये कंपनी के पास जमा हैं तो नियामक संस्थाओं को भी इस विषय पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। आखिर उपभोक्ताओं की जमा राशि पर अधिकार किसका है, उस राशि का उपयोग कैसे होता है और क्या उस पर किसी प्रकार का लाभ उपभोक्ताओं को मिलना चाहिए, जैसे सवाल अब तेजी से उठने लगे हैं।

### नियमों में पारदर्शिता की मांग उठ रही मांग

उपभोक्ता बिजेंद्र सिंह का कहना है कि हरियाणा के बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं से ली गई सिक्योरिटी राशि पर लगभग 6.5 से 6.75 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देते हैं और इसकी राशि बिजली बिलों में समायोजित कर दी जाती है। इसके विपरीत पीएनजी कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरिटी राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलता। बिजेंद्र सिंह का तर्क है कि जब एक सेवा क्षेत्र में यह व्यवस्था लागू है तो पीएनजी उपभोक्ताओं को भी समान लाभ मिलना चाहिए। इससे संबंधित नियमों में पारदर्शिता की मांग भी उठ रही है। इन्होंने बताया कि ब्याज की राशि उपभोक्ताओं के बिलों में समायोजित कर दी जाती है।